सिटी बाइट्स

जमीन पर बैठ विकलांग महिला के समस्याओं से रूबरू होते सीओ कृष्ण प्रताप सिंह .

जमीन पर बैठकर सीओ ने की जनसुनवाई

बंजरिया. अंचल कार्यालय में मानवीय संवेदना की एक अनूठी तस्वीर देखने को मिली. बंजरिया अंचल अधिकारी कृष्ण प्रताप सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष की औपचारिकता को दरकिनार करते हुए, एक दिव्यांग महिला सिसवा पूर्वी पंचायत निवासी सुदामा देवी की फरियादी की पीड़ा सुनने के लिए खुद नीचे जमीन पर बैठकर उसकी समस्या सुनी. सीओ के इस संवेदनशील और सरल स्वभाव की क्षेत्र में चहुंओर सराहना हो रही है.

बंजरिया के ओजैर अंजुम बने प्रदेश अध्यक्ष

मोतिहारी.इदारा अदब इस्लामी हिंद, बिहार का एक दिवसीय साहित्यिक एवं

संगठनात्मक सम्मेलन जमात-ए-इस्लामी हिंद के पटना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हुआ.इस सम्मेलन में इदारा अदब इस्लामी हिंद के राष्ट्रीय महासचिव (नाज़िम-ए-आला) डॉ. खालिद मुबशिर और जमात-ए-इस्लामी हिंद प्रांतीय अध्यक्ष (अमीर-ए-हल्का) मौलाना रिज़वान अहमद इस्लाही ने विशेष रूप से भाग लिया.सम्मेलन के दौरान सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया पूरी गरिमा और शांतिपूर्ण ढंग से हुई, जिसमें सर्वसम्मति से बंजरिया प्रखण्ड के सिस्वनिया निवासी व पूर्वी चंपारण जिले के वरिष्ठ उर्दू सहाफी ओजैर अंजुम को इदारा अदब इस्लामी हिंद, बिहार का नया प्रदेश अध्यक्ष और कामरान गनी सबा (पटना) को प्रदेश सचिव चुना गया.भाषा व साहित्य के प्रति नई पीढ़ी में दिलचस्पी बढ़े, इस पर विशेष काम किया जाएगा. साहित्यिक संगोष्टियां आयोजित की जाएगी और और समाज को बेहतर दिशा दिया जाएगा.

शिकायत के बाद भी नहीं सुधरी स्कूलों की बदहाली

जंगल में तब्दील शौचालय .

घोड़ासहन प्रखंड के कई विद्यालयों की तस्वीर दावों से अलग नजर आती है. विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी की जानकारी विभागीय पदाधिकारियों को दिए जाने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं होना व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है.एनपीएस कसवा कदमवा एससी टोला इसका एक उदाहरण है.यहां 156 बच्चे नामांकित हैं और एचएम समेत छह शिक्षक कार्यरत हैं.बावजूद इसके विद्यालय में किचेन शेड, पेयजल और उपयोगी शौचालय जैसी जरूरी सुविधाओं का अभाव है.किचेन शेड नहीं होने से एमडीएम तैयार करने में परेशानी होती है.विद्यालय का शौचालय जर्जर होकर झाड़ियों से घिरा है.विषैले सर्प का बसेरा बना है, इससे छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है.विद्यालय में पहले चापाकल लगा था, लेकिन प्रधानाध्यापक अमिरक राम के अनुसार 21 जून 2026 को चापाकल का हेड चोरी हो गया. इसके बाद से विद्यालय में पेयजल की समस्या बनी हुई है..विद्यालय से गैस सिलेंडर चोरी होने की शिकायत भी आवेदन में की गई है.सभी शिक्षक अपने निजी कोष से सिलेंडर का व्यवस्था करना पड़ा.यहां तक 12 बैग चावल की चोरी की बात भी सामने आई है. खास बात यह है कि एनपीएस कसवा कदमवा एससी टोला विद्यालय में विद्यालय परिसर के लिए जमीन उपलब्ध है.विद्यालय सड़क के किनारे होने के कारण बच्चों की सुरक्षा के लिए चहारदीवारी की भी जरूरत है. इसके बावजूद अब तक चहारदीवारी का निर्माण नहीं हो सका है.

स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित भविष्य का संकल्प

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व छात्र-छात्राएं .

मोतिहारी. चन्दरहिया स्थित स्कूल में मोतिहारी वन प्रमंडल के सहयोग से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अन्तर्गत 'पर्यावरण की पाठशाला सह पौधा रोपण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. कमलेश कुमार ने कहा कि पेड़ केवल हमें ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जल, मिट्टी, जैव विविधता और मानव जीवन के संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. डा. स्नेहा एस. चौरसिया ने प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से होने वाली समस्याओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी.विद्यालय के निदेशक अभिषेक कुमार, प्राचार्य पिंकी राय ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि धरती पर मौजूद प्रत्येक जीव-प्रजाति पर्यावरणीय संतुलन की महत्वपूर्ण कड़ी है. प्रबंधक सुभेन्दु कुमार ने बताया कि जैव विविधता का संरक्षण वर्तमान के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी आवश्यक है.मौके पर नीरज कुमार, प्रियांशु,गोलक मंडल आदि उपस्थित थे.

नवादा में मजदूर का एक्सीडेंट, मौत

- रोपनी करने गये चैनपुर निवासी मजदूर की सड़क दुर्घटना में हुआ था जख्मी

प्रतिनिधि,मधुबन

नवादा जलि में रोपनी करने गये मजदूर की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद मुजफ्फरपुर में इलाज के दौरान मौत हो गयी. मृतक थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी 45 वर्षीय किसुनदेव सहनी था. सोमवार को परिजनों ने पुलिस को आवेदन देकर मारपीट कर भेलवा बाजार पर फेंकने का आरोप लगाया.सूचना पर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच के दौरान पता चला कि किसुनदेव गांव के ही एक व्यक्ति के साथ नवादा में रोपनी करने गया था. नवादा में बस से उतरने के बाद वह उक्त व्यक्ति की बाइक से गांव जा रहा था. इसी दौरान बाइक की ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गयी. दुर्घटना में बाइक सवार मालिक व मजदूर दोनों जख्मी हो गये.दोनों का इलाज नवादा सदर अस्पताल में कराया गया. इलाज के बाद किसुनदेव गांव लौट आया. तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने पकड़ीदयाल स्थित निजी अस्पताल में उसका इलाज कराया. स्थिति गंभीर होने पर उसे मुजफ्फरपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गयी.थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आलोक में मामले की जांच की जा रही है.आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी.

विभिन्न संगठनों ने गांधी स्मारक से समाहरणालय तक निकाला जुलूस

देशव्यापी जेल भरो आह्वान, सैकड़ों आंदोलनकारियों ने दी गिरफ्तारी

प्रदर्शन

प्रतिनिधि,मोतिहारी

देशव्यापी जेल भरो आह्वान के तहत सोमवार को मोतिहारी में किसानों, मजदूरों, नौजवानों, छात्रों और विभिन्न जनसंगठनों के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया. गांधी स्मारक प्रांगण से निकला जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से समाहरणालय पहुंचा. प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें रखीं.समाहरणालय पहुंचने के बाद आंदोलनकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने नियुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन सौंपने वालों में सीपीआई(एम) जिला सचिव सत्येंद्र कुमार मिश्रा, किसान सभा के जिला अध्यक्ष धनंजय पुरी, डीवाईएफआई राज्य कमिटी सदस्य इम्तियाज अहमद, पार्टी सचिवमंडल सदस्य मुकेश कुमार यादव तथा एसएफआई संयोजक सत्येंद्र कुमार शामिल थे.

ज्ञापन सौंपने के बाद नगर थाना पुलिस ने आंदोलनकारियों को गिरफ्तार कर नगर थाना लाया. आंदोलन से जुड़े लोगों के अनुसार गिरफ्तार किए गए प्रमुख लोगों में मुहम्मद एजाजुल हक, शमसुल हक अंसारी, विपिन बिहारी दुबे, सुरेश सिंह, दिलीप कुमार, जमालुद्दीन, अभिषेक रंजन, अमन कुमार यादव, संजय गुप्ता, हरेन्द्र सिंह, धीरेंद्र पांडेय और सुधांशु कुमार शेखर सहित अन्य शामिल हैं.

गिरफ्तारी के बावजूद आंदोलन जारी रखने का ऐलान

आंदोलनकारी नेताओं ने कहा कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित किया गया . उन्होंने दावा किया कि बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी से किसानों, मजदूरों, नौजवानों और छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर व्यापक जनसमर्थन का पता चलता है .नेताओं ने कहा कि गिरफ्तारी और दमन से जनआंदोलन को रोका नहीं जा सकता .प्रदर्शन के दौरान "जनता की एकता जिंदाबाद", "किसान-मजदूर एकता जिंदाबाद" जैसे नारे लगाए गए .

एफआरएस से टीएचआर वितरण में पूर्वी चंपारण जिला रही फिसड्डी

मोतिहारी. जिले में टेक होम राशन (टीएचआर) वितरण को लेकर विभागीय दावों की पोल एफआरएस (फेस रिकॉग्निशन सिस्टम) के आंकड़े खोल रहे हैं. 4 अगस्त 2026 तक जिले के 28 बाल विकास परियोजनाओं में कुल 2,68,841 पात्र लाभार्थियों में से मात्र 16,381 लाभार्थियों को ही एफआरएस के माध्यम से टीएचआर वितरित किया जा सका है. यानी एफआरएस के माध्यम से टीएचआर वितरण की उपलब्धि महज 6.09 प्रतिशत है. आंकड़ों के अनुसार 2,61,874 लाभार्थियों का आधार फेस मैचिंग हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद एफआरएस से टीएचआर वितरण की रफ्तार बेहद सुस्त है. आधार फेस मैचिंग के बाद भी करीब 2.45 लाख लाभार्थियों का एफआरएस के माध्यम से टीएचआर वितरण दर्ज नहीं हुआ है. सबसे खराब स्थिति घोड़ासहन परियोजना की है. यहां 10,484 पात्र लाभार्थियों में महज 91 को ही एफआरएस से टीएचआर मिला है. उपलब्धि मात्र 0.87 प्रतिशत है. पकड़ीदयाल में 0.92 प्रतिशत, फेनहारा में 1.37 प्रतिशत, ढाका में 1.76 प्रतिशत, आदापुर में 2.17 प्रतिशत और हरसिद्धि में 2.57 प्रतिशत ही वितरण हुआ है. केसरिया में 2.61, बनजरिया में 2.88, अरेराज में 3.20, मेहसी में 3.44 और सुगौली में 4.12 प्रतिशत लाभार्थियों तक एफआरएस के माध्यम से टीएचआर पहुंचा है. वहीं मधुबन और संग्रामपुर में भी उपलब्धि सिर्फ 4.86 प्रतिशत है. एफआरएस से टीएचआर वितरण में पहाड़पुर परियोजना सबसे आगे है. यहां 9,471 पात्र लाभार्थियों में 1,633 को वितरण हुआ है, जो 17.24 प्रतिशत है. मोतिहारी ग्रामीण 12.58 और रामगढ़वा 11.87 प्रतिशत के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर है. यानी सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली परियोजनाएं भी 20 प्रतिशत का आंकड़ा पार नहीं कर सकी हैं.

शिक्षा और सामाजिक विकास पर दिया जोर

- बिहार विधान परिषद की अल्पसंख्यक कल्याण समिति के सभापति मनोनीत होने पर एमएलसी डॉ . खालिद अनवर का स्वागत

प्रतिनिधि,बंजरिया

डॉ . खालिद अनवर का स्वागत करते स्थानीय ग्रामीण व अन्य .

बिहार विधान परिषद की अल्पसंख्यक कल्याण समिति के सभापति मनोनीत होने के बाद विधान पार्षद डॉ. खालिद अनवर का बंजरिया प्रखण्ड के सिसवानिया स्थित रहमान इंटरनेशनल स्कूल में एक भव्य सम्मान सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जहां विद्यालय परिवार और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लादकर उनका गर्मजोशी से इस्तकबाल किया. इस शानदार स्वागत से अभिभूत होकर डॉ. अनवर ने सभी क्षेत्रवासियों के प्रति आभार प्रकट किया. समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. खालिद अनवर ने शिक्षा, सामाजिक विकास और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर अपने विजन को साझा किया. उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर विशेष जोर दिया कि समाज की वास्तविक और स्थाई तरक्की केवल शिक्षा के प्रसार से ही संभव है. उन्होंने कहा कि बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण तालीम देकर ही हम एक सशक्त, आत्मनिर्भर और जागरूक समाज की नींव रख सकते हैं. उन्होंने अभिभावकों और युवाओं से शिक्षा को अपनी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रखने की अपील की. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जदयू नेता ज्याउल हक़, जिला परिषद सदस्य तौसीफ़ुर रहमान, अकील, आफ़ताब आलम, कमरे आलम और असगर आलम सहित शिक्षा प्रेमी उपस्थित रहे. समारोह के अंत में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों और स्थानीय नागरिकों ने डॉ. खालिद अनवर को उनके इस नए और महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई दी. साथ ही, उनके कार्यकाल के पूर्ण सफलता की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में अल्पसंख्यक कल्याण के क्षेत्र में सकारात्मक और प्रभावी कार्य होंगे.

132 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जांच

चौड़ादानो. स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई. इस दौरान बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं. जहां चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने उनका आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अंशु अंकित ने बताया कि शिविर के दौरान 132 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श दिए गए. डॉ. अंकित ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा गर्भावस्था के दौरान संभावित जटिलताओं की पहचान कर उनका समय पर उपचार सुनिश्चित करना है.

100 से अधिक तामीला वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा

बंजरिया. बैंकों और वित्तीय संस्थानों से ऋण लेकर उसे समय पर न चुकाने वाले डिफॉल्टर्स के खिलाफ बंजरिया थाना पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है. क्षेत्र में ऐसे 100 से अधिक तामिला वारंटी चिह्नित किए गए हैं, जिन पर अब पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है. पिछले दो दिनों से लगातार चल रही छापेमारी के दौरान कई डिफॉल्टर्स को जेल भेजा जा चुका है, जबकि कइयों ने मौके पर ही राशि जमा कर गिरफ्तारी से राहत पाई है. थानाध्यक्ष अमित कुमार ने स्पष्ट किया है कि पुलिस का उद्देश्य किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना या बेवजह जेल भेजना नहीं है, बल्कि बकाया ऋण का समय पर भुगतान सुनिश्चित कराना है. प्रशासन ने सभी संबंधित ऋण धारकों से अपील की है कि वे अगले दो-तीन दिनों के भीतर स्वेच्छा से अपना बकाया ऋण जमा कर बैंक से ''''नो ड्यूज सर्टिफिकेट'''' प्राप्त कर लें. इस प्रमाणपत्र को थाने में जमा करने के बाद, संबंधित वारंट को निरस्त करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिससे लोग कानूनी कार्रवाई से बच सकेंगे. थानाध्यक्ष ने सभी वारंटियों से आगे आकर इस प्रक्रिया में सहयोग करने का आग्रह किया है.

पूर्व मध्य रेल

विद्युत (सा.) विभाग

खुली ई–निविदा सूचना

संख्या–एल.–ओपेन–26–27–11, दिनांक 07.08.2026

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सामान्य)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई– निविदा' आमंत्रित करते हैं। खुली ई–निविदा की अंतिम तिथि **दिनांक–31.08.2026 को 12.30 बजे** तक निर्धारित की गई है। खुली ई–निविदा संबंधी निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है।

क्रम सं०: 1, कार्य का नाम : रामदयालु–मुजफ्फरपुर खंड के मध्य कि.मी. 48/24–26 पर स्थित अनधिकृत रेल पार पर हल्के वाहनों के आवागमन हेतु रैंप सहित फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के संबंध में विद्युत कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में):** 11,87,484.00, **बयाने की राशि (रू. में):** 23,800.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में):** 00.00

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाईट पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार किसी भी समय निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा मे सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमे कोई दाबा मान्य नही होगा।

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/(विद्युत/सा.)
पूर्व मध्य रेल/सोनपुर

पीआर/0694/एसईई/ईएलईसीटी/टी/26–27/36

पूर्व मध्य रेल

खुली ई-निविदा सूचना

दानापुर मंडल (यांत्रिक विभाग)

निविदा सूचना संख्या: एम.टी.एस.–स्टाफ–टूल–चैन–26–27, दिनांक 05.08.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यो के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिवाइ, सीपीडब्ल्यूडी, एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑनलाइन खुली निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. कार्य के नाम, लोकेशन के साथ: DNR – BG ICF कोच का ART, BD क्रेन और ARME के लिए स्टाफ चैन और टूल में बदलना। **2. अनुमानित निविदा राशि:** रु. 1,34,85,501.39/– (रुपये एक करोड़ चौंतीस लाख पचासी हजार पाँच सौ एक एवं उनचालीस पैसे मात्र।) **3. अग्रधन राशि:** रु. 2,69,700/– (रुपये दो लाख उनहत्तर हजार सात सौ मात्र।) **4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा आनलाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 28.08.2026 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाये एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12.30 बजे निविदा खोली जायेगी। **5. वेब साइट नाम एवं निविदा, शुद्धि पत्र(अगर जारी हुआ) संबंधी सूचना:** निविदा सूचना, पात्रता मानदंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेब साइट CRIS website: www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)/ पूर्व मध्य रेल/दानापुर

पीआर/0691/डीएनआर/एमईसीएच/टी/26–27/40

पूर्व मध्य रेल

ई–खुली निविदा सूचना

सं०–एस–टी/सोन/ई–खुली निविदा/26–27/26
दिनांक: 04.08.2026

मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूर संचार)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई– निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि **28.08.2026 को 12.00 बजे** तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एव निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है। **क्रम सं०: 1, ई–निविदा सं०: एस & टी/सोन,/ ई–खुली निविदा /26 – 27 /26, कार्य का नाम (मद सं० सहित) :** सोनपुर मंडल में समपार फाटकों (LC Gates) पर सिग्नल परिसंपतियों का सुदृढीकरण एवं क्षमता वृद्धि, ताकि विश्वसनीयता में सुधार हो तो रेल परिचालन में सुरक्षा एवं समयपालन (पंक्चुअलिटी) को बढ़ाया जा सके। **अनुमानित लागत (रू. में):** 4,91,30,035.09, **बयाने की राशि (रू. में):** 9,82,600.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू. में):** 0.00, **समापन अवधि:** एल.ओ.ए. जारी होने की तिथि से 09 (नौ) माह तक। उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। दिनांक 04.08.2026 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा मे सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदा दाता का इसमे कोई दावा मान्य नही होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजिनियर
पूर्व मध्य रेल, सोनपुर

पीआर/0692/एसईई/एसएण्डटी/टी/26–27/40

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क.रा.बी.नि. ESIC | सत्यमेव जयते

क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार/Regional Office, Bihar
पंचदीप भवन,जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना-800001
Panchdeep Bhawan, Nehru Marg, Patna - 01
rd-bihar@esic.gov.in EsicPatna 0612-2521928
www.esic.gov.in/robihar.esic.gov.in Esicpatna

Advertisement Notice No.: 30260/Legal/Bihar/2026 Dated : 10.08.2026

अधिवक्ताओं के नामिकायन हेतु विज्ञापन सूचना

वर्ष 2026-29 की अवधि के लिए बिहार राज्य के विभिन्न न्यायालयों के समक्ष क. रा.बी.नि., क्षेत्रीय कार्यालय - बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिवक्ताओं के नामिका (पैनल) में शामिल करने हेतु आवेदन आमंत्रित करने हेतु सूचना।

क्षेत्रीय निदेशक, क.रा.बी. निगम (ESIC) क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार द्वारा वर्ष 2026-29 की अवधि के लिए बिहार राज्य के विभिन्न न्यायालयों के समक्ष क.रा.बी.नि., क्षेत्रीय कार्यालय - बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिवक्ताओं के नामिका (पैनल) में शामिल करने हेतु आवेदन आमंत्रित की जाती है।

आवेदन की प्रारंभ तिथि - 05/08/2026 | आवेदन की अंतिम तिथि - 25/08/2026

रिक्ति स्थिति / Vacancy Position

न्यायालय/न्याधिकरण का नाम Name of the Court/Tribunal	स्थान Location	रिक्तियों की संख्या No. of Vacancy
पटना उच्च न्यायालय High Court of Judicature at Patna	पटना / Patna	06
केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सी.ए.टी.) - पटना पीठ CAT - Patna Bench	पटना / Patna	05
कर्मचारी बीमा (ई.आई.) न्यायालय / EI Court	पटना / Patna	06
व्यवहार न्यायालय पटना /Civil Court Patna	पटना / Patna	05
व्यवहार न्यायालय बिहार के अन्य सभी जिले (पटना को छोड़कर) Civil Court of all Districts of Bihar (Except Patna)	बिहार के अन्य सभी जिले (पटना को छोड़कर) All Districts of Bihar (Except Patna)	02 (प्रत्येक जिला / Each District)

महत्वपूर्ण निर्देश:
- विस्तृत नियम और शर्तें, पात्रता मानदंड, कर्तव्य अनुबंध-1' में दी गई है।
- पात्रता, अपेक्षित दस्तावेज अधिवक्ताओं के पारिश्रमिक दरें (शुल्क सूची), दिशा निर्देश तथा अनुलग्नक क.रा.बी. निगम (ESIC) क्षेत्रीय कार्यालय बिहार के वेबसाईट https://robihar.esic.gov.in/recruitments पर उपलब्ध है।

हस्ताक्षर /-
क्षेत्रीय निदेशक
क.रा.बी. निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार

प्रभात खबर
न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लिमिटेड
रजि. ऑफिस : द्वितीय तल्ला, हनुमान इस्टेट, 19 आर.एन. मुखर्जी रोड, कोलकाता - 700001, पश्चिम बंगाल
CIN : U22219WB1989PLC047715

निविदा सूचना (Tender Notice)

प्रिंटिंग अवशेष (स्क्रैप) या रद्दी की बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है.

निविदा हेतु वस्तु :- न्यूजप्रिंट (धब्बा), छपा हुआ अखबार (सादा एवं मशीन वास सहित), मलाड, स्वीपिंग (रद्दी कागज), रील कोर (रील में बचा कागज), रील कोर (खाली), अल्युमिनियम प्लेट, प्लास्टिक बाल्टी-20/25 लीटर का, प्लास्टिक जार 20/25 लीटर का, प्लास्टिक जार – 5 लीटर का.

बिक्री का स्थान - रांची, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर, कोलकाता, पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर.

निविदा की शर्तें निम्न है :
- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 15.08.2026 है.
- निविदा 16.08.2026 से 30.09.2026 तक की बिक्री के लिए होगी.
- सीलबंद निविदा केवल रजिस्टर्ड डाक द्वारा चीफ एकाउंट्स मैनेजर, न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लिमिटेड (प्रभात खबर) 15-पी कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, रांची 834001, पर 10,000/- के डिमांड ड्राफ्ट (निविदा राशि) के साथ भेजें. लिफाफे पर रद्दी बिक्री हेतु निविदा अवश्य लिखें. निविदा राशि का ड्राफ्ट नहीं भेजने पर निविदा अस्वीकृत मानी जायेगी. एक व्यक्ति या फर्म सभी सामानों के लिए एक ही निविदा दे सकते हैं.
- अलग-अलग स्थान के लिए अलग निविदा भेजें.
- निविदा आवंटन के संबंध में हमारे प्रबंधन का निर्णय मान्य होगा.
- अलग-अलग माल के आधार पर अलग-अलग व्यक्ति/फर्म को निर्धारित प्रतिभूति (Security) राशि भुगतान करने पर निविदा आवंटित की जा सकती है.
- किसी भी तरह के विवाद का निपटारा रांची स्थित न्यायाधिकरण के अन्तर्गत होगा.
- निविदा में बिक्री कर सहित या बिक्री कर रहित अवश्य लिखें.
- निविदा स्वीकार किये जाने के बाद समयानुसार रद्दी उठाना अनिवार्य है. अन्यथा प्रतिभूति राशि जब्त करने के अलावा भंडारन शुल्क लेने और दूसरे व्यक्ति को रद्दी बेचने के लिये कंपनी स्वतंत्र है.
- रद्दी उठाने से पूर्व नगद या ड्राफ्ट अग्रिम राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा.
- किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कंपनी को प्राप्त है.
- कृपया निविदा के साथ अपने PAN नंबर की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें.

अधिक जानकारी के लिए फोन : 09934012636 पर संपर्क करें
E-mail : info@prabhatkhabar.in

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !

SAM विभाग, मंडल कार्यालय - चम्पारण, उज्जवल कॉमप्लेक्स, चाँदमारी चौक, मोतिहारी-845401, ई-मेल : cochamprecovery@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना (ई नीलामी बिक्री सूचना)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना. एतद द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार (ओं) को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को संरक्षित / सुरक्षित लेनदार को बंधक/प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक /भौतिक/सांकेतिक (जो भी लागू हो) जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिया गया है. संबंधित उधारकर्ता(ओं) और जमानतदा(रों) से बैंक /सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये तालिका में उल्लेखित तिथि पर ''जहां भी है'', ''जैसा भी है'', ''जो कुछ भी है'' और ''जिस अवस्था में है'' के आधार पर बेचा जाएगा. सुरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित है.

सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची

ई नीलामी की तिथि : 02.09.2026 (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 02.09.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे तक)

क्रम सं0	शाखा का नाम / खाता का नाम और खाता संख्या / नाम एवं पता उधारकर्ता/ गारंटर के खाते का	बंधक रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/स्वामी का नाम [संपत्ति(यों) के बंधककर्ता]-	ए) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13(2)के तहत मांग सूचना की तिथि / बी) बकाया राशि 13(2) नोटिस तिथि को / सी) सरफेसी अधिनियम 2002 के धारा 13(4) के तहत कब्जा तिथि / डी) कब्जे की प्रकृति- प्रतिकात्मक/भौतिक/रचनात्मक	ए)सुरक्षित मूल्य- / बी) ईएमडी / सी) बीड वृद्धि की राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	भार का विवरण- सुरक्षित लेनदार
1	पीएनबी-बेलवा(103420) / मेसर्स आयुष जिपर को0 (1034208700000265) / मेसर्स आयुष जिपर को0, प्रो0 सुनिल कमार पिता-धुपलाल महतो, तुमरिया टोला, नियर भाकुड़ बारा, रक्सौल, पूर्वी चम्पारण-845305	आवासीय भूमि एवं मकान जिसका कुल क्षेत्रफल - 8 धुर या 1800 वर्गफीट है जिसका मौजा-पनटोका उर्फ तुमरिया टोला, थाना एवं अंचल-रक्सौल, पूर्वी चम्पारण, थाना नं0-06, वार्ड नं0-04, खाता नं0-101, खेसरा नं0-838 जिसका (1) सेल डीड नं0-803, दिनांक 15.02.2016, क्षेत्रफल - 04 धुर चौहद्दी : उत्तर - किरण देवी, दक्षिण - रास्ता,	ए) 18.10.2025 / बी) रू0 40,79,031.30/- 30.09.2025 को+ ब्याज एवं अन्य शुल्क पूर्ण भुगतान होने तक / सी) 03.01.2026 / डी) प्रतिकात्मक	ए) रू0 44,23,000/- / बी) रू0 4,42,300/- / सी) रू0 20,000/-	02.09.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक	हमें ज्ञात नही है

पूरब-पूनम देवी, पश्चिम-रास्ता (2) सेल डीड नं0-3159 दिनांक 23.07.2019 क्षेत्रफल-04 धुर, चौहद्दी : उत्तर - दुलारी देवी पति-मुन्नीलाल महतो, दक्षिण-मुस्तरी, पूरब-पूनम